पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक को 'एवार्ड फार पब्लिक लीडरशिप' से सम्मानित किया जायेगा

लखनऊः 09 दिसम्बर, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक को वर्ष 2014 के 17वें साउथ इण्डियन एजूकेशन सोसाइटी (एसआईईएस) श्री चन्द्रेसेकरेन्द्र सरस्वती राष्ट्रीय श्रेष्ठता सम्मान (नेशनल एमीनेन्स एवार्ड) 'फार पब्लिक लीडरशिप' से सम्मानित किया जायेगा। समारोह का आयोजन आगामी 13 दिसम्बर, 2014 को श्री षणमुखानन्द सरस्वती प्रेक्षागृह, मुम्बई में किया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि इस संस्था द्वारा जननेतृत्व, सामुदायिक नेतृत्व, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा प्रवचन कार्य हेतु समर्पित विशिष्टजनों में से चयनित लोगों को 16 वर्षों से दिया जाता है। यह सम्मान अब तक विश्व के 56 विशिष्ट लोगों को दिया गया है। सम्मान प्राप्त करने वालों पूर्व राष्ट्रपति, स्व0 डा0 शंकर दयाल शर्मा, पूर्व राष्ट्रपति, डा0 ए0पी0जे0 कलाम, पूर्व उप राष्ट्रपति, स्व0 श्री भैरो सिंह शेखावत, पूर्व प्रधानमंत्री, स्व0 पी0वी0 नरसिम्हा राव, श्री अटल बिहारी बाजपेई, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष, श्री सोमनाथ चटर्जी, पूर्व राज्यपाल, स्व0 पी0सी0 एलैक्जैंडर, स्व0 डा0 वी0 कुरियन, डा0 आर0 चिदम्बरम, श्री सुन्दर लाल बहुगुणा, डा0 अनिल काकोदकर, पद्मभूषण तीजन बाई व नीदरलैण्ड की राजकुमारी सुश्री आईरोन व अन्य लोगों को उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिये प्रदान किया गया है।

वर्ष 2014 का सम्मान उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक के अलावा विख्यात संगीतज्ञ, डा0 इलैयाराजा को सामुदायिक नेतृत्व के लिये, प्रो0 कृष्णास्वामी विजयराघवन को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के लिये तथा श्री सी0 कोटेश्वर राव को ओजस्वी प्रवचन के लिये दिया जा रहा है।